प्रेस नोट   पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद   दिनांक 27.03.24

थाना कौशांबी साइबर पुलिस टीम द्वारा विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले गैंग के 02 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 13 पासपोर्ट (7 व्यक्तियों के) व विदेश भेजे जाने हेतु 02 कूट रचित वीजा तथा 02 आधार कार्ड एवं अन्य कूट रचित दस्तावेज बरामद।

दिनांक 21.03.2024 को थाना कौशांबी पर वादी आकाश वालिया के द्वारा लिखित तहरीर के आधार पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले लोगों के विरुध्द सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करवाया था। जिसका संज्ञान लेते हुए दिनांक 27.03.2024 को थाना कौशांबी साइबर पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इनपुट व सर्विलांस तथा मुखबिर की सूचना के आधार पर विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले गैंग के 02 शातिर अभियुक्त 1. मुकीम पुत्र गुलतजर निवासी सापला खत्री थाना देवबन्द सहारनपुर उम्र 32 वर्ष 2. मुफीद पुत्र गुलतजर निवासी सापला खत्री थाना देवबन्द सहारनपुर उम्र 23 वर्ष को मैक्स अस्पताल के पीछे वाली पार्किंग से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 13 पासपोर्ट (7 व्यक्तियों के) व विदेश भेजे जाने हेतु 02 कूट रचित वीजा तथा 02 आधार कार्ड एवं अन्य कूट रचित दस्तावेज बरामद किये गये। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध वैधानिक कार्यावाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण

गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ की गयी तो यह तथ्य प्रकाश में आये कि गैंग के सभी सदस्य मिलकर फर्जी आधार कार्ड की मदद से एक ऑफिस किराये पर लेकर सोशल मीडिया साइट की मदद से फर्जी विजिटिंग कार्ड छपवाकर सोशल मीडिया साइट की मदद से लोगों को विदेश भेजने के नाम पर संम्पर्क करते थे। उनके पासपोर्ट व अन्य दस्तावेज लेकर फर्जी बैंक खातों में पैसा मगाकर आपस में बांट लेते थे। उनका मेडीकल चेकअप कराकर उन्हें संतुष्ट कर देते थे ताकि वो लोग उनकी शिकायत न कर दें जब शिकायत की आशंका होती तो ये लोग अपना ऑफिस बदल देते थे। तथा मांगेराम पुत्र

अज्ञात निवासी तलेडी जनपद सहारनपुर नाम का व्यक्ति के द्वारा पैसा मगाने हेतु बैक अकॉउट उपलब्ध कराए जाते थे। तथा अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास जारी है।

गैंग के सदस्य

- मुकीम (फर्जी आधार कार्ड नाम उसमान खान/ युसुफ) पुत्र गुलतजर निवासी उरोक्त।
- मुफीद(फर्जी आधार कार्ड नाम आवूजार) पुत्र गुलतजर निवासी उपरोक्त।
- सैफ(फर्जी आधार कार्ड नाम अब्लुल्ला अंसारी) पुत्र इस्लाम निवासी देवबन्द जनपद सहारनपुर।
- रणवीर (फर्जी आधार कार्ड नाम विक्रम) पुत्र वेदपाल।
- फराद गौड (फर्जी आधार कार्ड नाम मौहम्म्द जुनैद) पुत्र खुरशैद निवासी ग्राम सापला खत्री थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता

1. मुकीम पुत्र गुलतजर निवासी सापला खत्री थाना देवबन्द सहारनपुर उम्र 32 वर्ष।
2. मुफीद पुत्र गुलतजर निवासी सापला खत्री थाना देवबन्द सहारनपुर उम्र 23 वर्ष।

बरामदगी का विवरण

- 13 पासपोर्ट (7 व्यक्तियों के) व विदेश भेजे जाने हेतु 02 कूट रचित वीजा तथा 02 आधार कार्ड एवं अन्य कूट रचित दस्तावेज बरामद।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

थाना कौशांबी साइबर पुलिस टीम

थाना वेव सिटी पुलिस द्वारा 01 शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से 03 चोरी की बैट्री बरामद।

दिनांक 26.03.2024 को मैनुअल इनपुट व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चेकिंग के दौरान अभियुक्त रहीसुद्दीन उर्फ बटन पुत्र बुद्धन खाँ निवासी सरकारी टयूबवैल के पास शाहपुर बम्हैटा थाना वेवसिटी गाजियाबाद को चोरी की 03 बैट्री सहित हाईटेक चौराहे एचपी पेट्रोल पम्प रोड से गिरफ्तार किया गया। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

अभियुक्त द्वारा दिनांक 02.03.2024 को थाना वेव सिटी क्षेत्र से ये बैट्रीया चोरी की गई थी जिसके संबंध में थाना वेव सिटी पर अभियोग पंजीकृत था।

<u>पूछताछ का विवरणः-</u> पूछताछ पर अभियुक्त रहीसुद्दीन उर्फ बटन पुत्र बुद्धन खाँ नि0 सरकारी टयूबवैल के पास शाहपुर बम्हैटा थाना वेवसिटी गाजियाबाद ने बताया कि हमारी ही गली के अबरार व हमीद अपने आटो/टैम्पू को गली मे ही खडे करते है और पिछले कई दिनों से मै और मेरा भाई कल्लू उन आटो में रखे सामान व आटो बैटरी पर चोरी करने के लिए नजर रखे हुए थे तो दिनांक 02.03.2024 को मैने व मेरे भाई कल्लू ने मौका पाकर अबरार व हमीद के आटो में रखा मोबाइल फोन व उसकी बैट्रीया चोरी कर ली थी तथा मोबाइल फोन को मैने चलते राहगीर को 4500/- रूपयों में बेच दिया था मोबाइल फोन बेचने के बाद मिले रूपयो के बारे मे बताया कि वह मैने अपना शौक पूरा करने में खर्च कर दिये है। मेरा भाई कल्लू उस दिन से फरार है और आज मै इन बैट्रीयों को बेचने जा रहा था।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-</u>

रहीसुद्दीन उर्फ बटन पुत्र बुद्धन खाँ निवासी सरकारी टयूबवैल के पास शाहपुर बम्हैटा थाना वेवसिटी गाजियाबाद उम्र 22 वर्ष

<u>बरामदगी का विवरण-</u>

03 चोरी की बैट्री

<u>गिरफ्तारी करने वाली टीम</u>-

थाना वेव सिटी पुलिस टीम